**राजस्थान सरकार**
**निदेशालय पशुपालन, जयपुर**
**पशुधन निरीक्षक सीधी भर्ती–2024**

**अभ्यर्थी द्वारा विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र के साथ दस्तावेज नत्थीबद्ध करने हेतु जारी आवश्यक दिशा–निर्देश**

ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र में आवश्यक कॉलम की पूर्ति की जाकर प्रस्तुत किया जाना है। विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र के साथ स्वयं हस्ताक्षरित अपलोड किए गए दस्तावेजों को निम्नानुसार नत्थीबद्ध किया जावेः–

1. शैक्षणिक योग्यता सत्यापन हेतु संपूर्ण अंकतालिकाएं/प्रमाण पत्रों की प्रतियां।
2. जन्मतिथि के सत्यापन हेतु सैकण्डरी उत्तीर्ण की अंकतालिका की प्रति।
3. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, से भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान या उद्यान कृषि (कृषि) पशुपालन और जीव विज्ञान के साथ सीनियर सैकण्डरी या उसके समतुल्य शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण–पत्र व अंकतालिका।
4. पशुधन सहायक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संबंधी एक वर्ष/दो वर्ष का प्रशिक्षण प्रमाण पत्र/डिप्लोमा करने संबंधी अंकतालिका व प्रमाण–पत्र। (मान्यता प्राप्त संस्था से)
5. मूल निवास प्रमाण पत्र की प्रति। अनुसूचित क्षेत्र (टीएसपी) का निवासी होने की स्थिति में अनुसूचित क्षेत्र का विशेष मूल निवास प्रमाण पत्र की प्रति।
6. जाति प्रमाण पत्र (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग/अति पिछडा वर्ग के लिए अन्य पिछडा वर्ग का प्रमाण पत्र, जिसमें अति पिछडा वर्ग में सम्मिलित जातियों का नाम हो/सहरिया आदिम जाति का सक्षम स्तर से जारी प्रमाण पत्र)। विज्ञापन में उल्लेखानुसार कार्मिक (क–2) विभाग के परिपत्र दिनांक 20.01.2022 के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ लेने हेतु जाति प्रमाण–पत्र ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि तक जारी किया हुआ प्रस्तुत करना होगा। भर्ती हेतु आवेदन की अंतिम तिथि के बाद का प्रमाण–पत्र वाले अभ्यर्थी शपथ–पत्र प्रस्तुत करें।
7. दस्तावेज सत्यापन के समय हस्तलिपि (संलग्न प्रारूप अनुसार) की जांच हेतु हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में अभ्यर्थी द्वारा स्वहस्तलिखित पैराग्राफ अपलोड करें एवं उसकी मूल प्रति साथ लावें।
8. विस्तृत आवेदन में अपलोड की जाने वाली फोटो एवं आवेदन में अपलोड की गई फोटो समान होनी चाहिए। हस्ताक्षर, आवेदन में किये गये हस्ताक्षर के समान होने चाहिए।
9. अन्य प्रमाण पत्र– (इनमें से जो लागू हो)
   A. विधवा महिला के मामले में आवेदन की अंतिम तिथि से पूर्व का पति का मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि मृत्यु प्रमाण पत्र में पत्नी का नाम अंकित नहीं है तो उसे ऐसा कोई प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें उसका संबंध उसके पति से स्पष्ट हो यथा– विवाह प्रमाण पत्र, पति की मृत्यु से पूर्व का राशन कार्ड, आधार कार्ड, अथवा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अन्य कोई प्रमाण पत्र। इस श्रेणी की अभ्यर्थिया पुनर्विवाह किये जाने/नहीं किये जाने के सबंध में फोटोयुक्त स्वहस्ताक्षरित घोषणा पत्र संलग्न करें।
   B. परित्यक्ता महिला के मामले में सक्षम न्यायालय द्वारा जारी डिक्री की प्रति। उक्त श्रेणी की अभ्यर्थिया तलाक की डिक्री आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें और यदि पति–पत्नि की कोई संयुक्त आई.डी हो तो वो भी संलग्न करें। इस श्रेणी की अभ्यर्थिया द्वारा पुनर्विवाह किये जाने/नहीं किये जाने के सबंध में फोटोयुक्त स्वहस्ताक्षरित घोषणा पत्र भी संलग्न करें ।
   C. निःशक्तजन के मामले में सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी/मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रदत्त निःशक्तता प्रमाण पत्र, जो 40 प्रतिशत या 40 से 80 प्रतिशत तक की निःशक्तता का हो, की प्रति।

D. उत्कृष्ट खिलाडी के मामले में विज्ञप्ति दिनांक 06.10.2023 में अंकितानुसार सक्षम स्तर के प्रमाण पत्र/पत्रों की प्रतियां। उक्त खेल प्रमाण पत्र इस भर्ती में आवेदन करने की अंतिम तिथि से पूर्व का होना आवश्यक है।

E. भूतपूर्व सैनिकों के मामले में सेवा निवृत्ति आदेश व डिस्चार्ज डायरी या एन.ओ.सी. की प्रति एवं स्वतः घोषण पत्र/वचन बंध।

F. अलग–अलग राजपत्रित अधिकारियों द्वारा जारी 2 मूल चरित्र प्रमाण पत्र।

G. अंतिम शैक्षणिक संस्थान द्वारा जारी मूल चरित्र प्रमाण पत्र।

H. हस्तलिपि– संलग्न प्रारूप अनुसार (स्वयं प्रमाणित) (मूल हस्तलिपि प्रपत्र)

I. शपथ पत्र (संलग्न प्रारूप)– दस्तावेज स्वयं द्वारा जांच कर अपलोड करवाये जाने एवं फर्जी/कूटरचित पाये जाने पर आवश्यक कार्यवाही किये जाने के संबंध में। ( मूल शपथ पत्र)

J. विवाह होने की स्थिति में विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति।

K. अन्य शपथ–पत्र एवं दस्तावेजों के प्रारूप अपलोड करें एवं मूल ही प्रस्तुत करें।

10. अभ्यर्थी सभी शैक्षणिक, जाति, मूल–निवास व विकलांगता प्रमाण–पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों का अवलोकन कर लें तथा नाम में वर्तनी/स्पेस संबंधी अंतर होने पर शपथ–पत्र प्रस्तुत करें।

11. अभ्यर्थी पात्रता जांच हेतु ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र की प्रति, स्वयं का फोटो आई. डी. प्रूफ व 2 पासपोर्ट साईज के फोटो अवश्य लेकर आवें।

12. अभ्यर्थी को उपरोक्त दिशा–निदेर्शों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करते हुए विस्तृत आवेदन पत्र मय संलग्कों एवं मूल दस्तावेज के साथ व्यक्तिशः कार्यालय में निर्धारित दिनांक एवं समयावधि में उपस्थित होना है। निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित न होने की स्थिति में अभ्यर्थी को दस्तावेज सत्यापन से वंचित कर दिया जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

....................xxxxxxx............................

Signature Not Verified

Digitally Signed by ANAND SEJRA
Designation : Director
Date :31-10-2025 06:30:04

**RajKaj Ref No.: 18573211**

eSign DSC